# केवल अभ्यास हेतु नमूना प्रश्न पत्र
# Sample Question Paper for Practice only
## हाई स्कूल परीक्षा - 2026
## High School Examination - 2026
## विषय – सामाजिक विज्ञान
## Subject- Social Science
## (Hindi & English Versions)

| Tatal Question | Total Printed Pages | Time | Maximum Marks |
|---|---|---|---|
| 23 | 10 + 1 MAP | 03 Hours | 75 |

**निर्देश: -**

(i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 01 से 05 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। जिसमें प्रश्न क्रमांक 01 में सही विकल्प -06 अंक, प्रश्न क्रमांक 02 में रिक्त स्थान -06 अंक, प्रश्न क्रमांक 03 में सत्य / असत्य 06 अंक, प्रश्न क्रमांक 04 में सही जोड़ी 06 अंक एवं प्रश्न क्रमांक 05 में एक वाक्य में उत्तर 06 अंक संबंधी प्रश्न होंगे। प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हेतु 01 अंक निर्धारित है। कुल 1x30= 30 अंक हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 06 से 23 तक में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 06 से 17 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 02 अंक निर्धारित हैं और प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 30 शब्दों में लिखना है।

(v) प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 03 अंक निर्धारित हैं और प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 75 शब्दों में लिखना है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 21 से 22 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 04 अंक निर्धारित हैं और प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 120 शब्दों में लिखना है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 23 के लिए प्रदत्त मानचित्र में अपना उत्तर अंकित करें। इस प्रश्न के लिए 04 अंक निर्धारित हैं।

(viii) केवल दृष्टि बाधित परीक्षार्थियों के लिए, प्रश्न क्रमांक 23 के स्थान पर भारत के मानचित्र पर आधारित एक अतिरिक्त सैद्धान्तिक प्रश्न दिया गया है, जिसका उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दिया जाना है।

**Instruction:**

(i) All questions are compulsory.

(ii) Que. No. 01 to 05 are objective type questions. In which Q. 01 choose correct option carries 06 marks, Q. 02 fill in the blanks carries 06 marks, Q. 03 True/False carries 06 marks, Q. 04 correct match carries 06 marks and Q. 05 answer in one sentence carries 06 marks. Each objective type questions is allotted 01 mark. Total 1x30=30 marks.

(iii) Internal options are given in Question No. 06 to 23.

(iv) Question No. 06 to 17 carry 02 marks each and answer should be written in maximum 30 words each.

(v) Question No. 18 to 20 carry 03 marks each and answer should be written in maximum 75 words each.

(vi) Question No. 21 to 22 carry 04 marks each and answer should be written in maximum 120 words.

(vii) Question No. 23 should be answer in the given map. The question carries 04 marks.

(viii) For visually impaired candidates only, an additional theoretical question based on the map of India has been given in place of question No. 23, which has to be answered in one word or one sentence.

**1. सही विकल्प चुनकर लिखिए : -** **(1x6=6)**

(i) प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय पृथ्वी सम्मलेन वर्ष में आयोजित हुआ –

(अ) 1992 (ब) 1994

(स) 1991 (द) 1996

(ii) जल सरंक्षण से संबंधित 'खादीन' एवं 'जोहद' किस राज्य से संबंधित है ?

(अ) राजस्थान (ब) हिमाचल प्रदेश

(स) मध्यप्रदेश (द) उत्तरप्रदेश

(iii) गांधीजी ने सत्याग्रह का पहला प्रयोग भारत में किस स्थान पर किया ?

(अ) चम्पारन (ब) यरवदा

(स) खेड़ा (द) अहमदाबाद

(iv) पेनी या एकपैसिया मैग्जीन का प्रकाशन किस देश में हुआ?

(अ) इंग्लैंड (ब) फ्रांस

(स) जर्मनी (द) अमेरिका

(v) निम्नलिखित में से श्रीलंका के अधिकांश लोग कौन-सी भाषा बोलते हैं-

(अ) संस्कृत (ब) सिंहली

(स) हिंदी (द) तमिल

(vi) सामान्यतः किसी देश का विकास किस आधार पर निर्धारित किया जा सकता है-

(अ) प्रति व्यक्ति आय (ब) औसत साक्षरता स्तर

(स) लोगों की स्वास्थ्य स्थिति (द) उपरोक्त सभी

**Choose and write the correct option:**

(i) The first International Earth Summit was held in the year –

(A) 1992 (B) 1994

(C) 1991 (D) 1996

(ii) 'Khadin' and 'Johad', related to water conservation, are associated with which state?

(A) Rajasthan (B) Himachal Pradesh

(C) Madhya Pradesh (D) Uttar Pradesh

(iii) Where in India did Gandhiji first use Satyagraha?

(A) Champaran (B) Yerwada

(C) Kheda (D) Ahmedabad

(iv) In which country was the "Penny Magazine" published?

(A) England (B) France

(C) Germany (D) America

(v) Which of the following languages is spoken by the majority of Sri Lankans?

(A) Sanskrit (B) Sinhalese

(C) Hindi (D) Tamil

(vi) Generally, the development of a country can be determined on the basis of:

(A) Per capita income (B) Average literacy level

(C) Health status of the people (D) All of the above

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : (1 x 6 =6 )**

(i) छोटा नागपुर क्षेत्र में मुंडा और संथाल जनजातियाँ ...........................के पेड़ की पूजा करते हैं।
(ii) क्रिस्टोफर कोलम्बस ने ..................................................देश की खोज की थी ।
(iii) बेल्जियम मे सामुदायिक सरकार का चुनाव ......................................के आधार पर किया जाता है।
(iv) ..................................................दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश हैं।
(v) ...............................................ऋण की औपचारिक स्रोतों की कार्य प्रणाली पर नजर रखता है।
(vi) भारत का ................................ पत्तन देश के कुल लौह अयस्क का 50 प्रतिशत निर्यात करता है।

**Fill in the blanks:**

(i) The Munda and Santhal tribes in the Chota Nagpur region worship the ..............tree.
(ii) Christopher Columbus discovered ......................................
(iii) The community government in Belgium is elected on the basis of ....................... .
(iv) ......................................is the largest democratic country in the world.
(v) ......................................monitors the functioning of formal sources of credit.
(vi) .......................... port of India exports **50** percent of the total iron ore of the country.

**3.सत्य / असत्य चुनकर लिखिए -** **(1x6=6)**

(i) भोपाल झील का निर्माण **17**वीं शताब्दी में हुआ था।

(ii) कर्नाटक देश का सबसे अधिक चाय उत्पादन वाला राज्य है।

(iii) भारत का पहला सफल सूती वस्त्र उद्योग सन् **1954** में लगाया गया था।

(iv) सिंधुपति दाहिरसेन अखंड भारत में सिंधु प्रदेश के अंतिम हिंदू सम्राट थे।

(v) राष्ट्रभक्त खाज्या नायक का जन्म मध्य प्रदेश के निमाड़ क्षेत्र के बड़वानी जिले के आदिवासी ग्राम सांगवी में हुआ था।

(vi) प्रति व्यक्ति आय की गणना सभी देशों के लिए पाउंड में की जाती है।

**Choose and write True/False:**

(i) Bhopal Lake was built in the 17th century.

(ii) Karnataka is the largest tea producing state in the country.

(iii) India's first successful cotton textile industry was established in **1954.**

(iv) Sindhupati Dahirasena was the last Hindu emperor of Sindhu Pradesh in undivided India.

(v) The patriot Khajya Nayak was born in the tribal village of Sangvi in Barwani district of Nimar region of Madhya Pradesh.

(vi) Per capita income is calculated in pounds for all countries.

**4. सही जोड़ी बनाकर लिखिए -** **(1x6 =6)**

| **''क''** | **''ख''** |
|---|---|
| (i) रक्त और लौह की नीति | (अ) शिक्षा |
| (ii) मारीआन की प्रतिमाएँ | (ब) विदेशी मामले |
| (iii) फुलर | (स) बिस्मार्क |
| (iv) स्पिनिंग जेनी | (द) राष्ट्रीय प्रतीक |
| (v) संघ सूची | (इ ) चुन्नटों के सहारे कपड़े को समेटना |
| (vi) समवर्ती सूची | (फ) कताई मशीन |

**Match and write the correct pair :**

| "A" | "B" |
|---|---|
| (i) The policy of blood and iron | (A) Education |
| (ii) Statues of Marianne | (B) Foreign Affairs |
| (iii) Fuller | (C) Bismarck |
| (iv) Spinning Jenny | (D) National Emblem |
| (v) Union List | (E) Pleating of cloth |
| (vi) Concurrent List | (F) Spinning Machine |

**5 . एक वाक्य में उत्तर लिखिए -** **(1x6 =6)**

(i) कपास की कृषि के लिए सर्वाधिक उपयोगी मृदा कौन-सी है?

(ii) महिलाओं को पंचायती राज संस्थाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण किस वर्ष दिया गया था ?

(iii) भारतीय संविधान में समान नागरिक संहिता (Uniform Civil Code) किस अनुच्छेद में उल्लेखित है?

(iv) शिक्षक, डॉक्टर एवं वकील जैसे व्यवसाय अर्थव्यवस्था के किस क्षेत्रक के अंतर्गत आते हैं?

(v) विकास की प्रारंभिक अवस्था में सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रक कौन-सा हैं?

(vi) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को उदार बनाने के लिए नियमों का निर्धारण कौन करता है?

**Write the answer in one sentence -**

(i) Which soil is most suitable for cotton cultivation?

(ii) In which year was 33 percent reservation given to women in Panchayati Raj institutions?

(iii) In which article of the Indian Constitution is the Uniform Civil Code mentioned?

(iv) Professions such as teachers, doctors, and lawyers fall under which sector of the economy?

(v) Which is the most important sector in the initial stage of development?

(vi) Who sets the rules for liberalizing international trade?

**6**. सतत पोषणीय विकास से क्या आशय है ? **2**

What is meant by sustainable development?

अथवा / Or

मृदा अपरदन से क्या तात्पर्य है ?

What is meant by soil erosion?

**7.** प्रारंभिक जीवन निर्वाह कृषि की कोई दो विशेषताएँ लिखिए । **2**

Write any two characteristics of early subsistence agriculture.

अथवा /OR

भारत में आत्म निर्वाह कृषि की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

Write any two characteristics of subsistence agriculture in India.

**8.** पर्यावरण निम्नीकरण की रोकथाम के कोई दो उपाय लिखिए । **2**

Write two measures to prevent environmental degradation.

अथवा /Or

लोहा इस्पात उद्योग को आधारभूत उद्योग क्यों कहते हैं ?

Why is the iron and steel industry called a basic industry?

**9.** हिमालय क्षेत्र रेलवे लाइन के निर्माण के लिए प्रतिकूल क्यों है? कोई दो कारण लिखिए। **2**

Why is the Himalayan region unfavorable for the construction of railway lines? Give two reasons.

अथवा /Or

उत्तरी-पूर्वी राज्यों में वायु परिवहन अधिक महत्त्वपूर्ण क्यों है?

Why is air transport more important in the northeastern states?

**10.** पाइपलाइन परिवहन के कोई दो महत्त्व लिखिए । **2**

Write any two importance of pipeline transport.

अथवा /Or

राष्ट्रीय राजमार्ग किसे कहते है?

What is a national highway?

**11.** यूरोप में सबसे गरीब लोगों के जीवन पर आलू का क्या प्रभाव पड़ा था ? **2**

What impact did potatoes have on the lives of the poorest people in Europe?

अथवा/Or

19 वी सदी में भारतीय मजदूरों को गिरमिटिया मजदूर के रूप में काम की तलाश में पलायन करने के लिए क्यों मजबूर होना पड़ा था ?

Why were Indian laborers forced to migrate in search of work as indentured laborers in the 19th century?

**12.** गुमाश्ता कौन थे ? **2**

Who were the gomastha ?

अथवा /Or

जॉबर किन्हें कहा जाता था ?

Who were called Jobber ?

**13.** गठबन्धन सरकार किसे कहते हैं? **2**

What is a coalition government ?

अथवा /Or

संघीय शासन व्यवस्था के कोई दो उद्देश्य लिखिए।

Write any two objectives of a federal system of government.

**14.** राजनीतिक समानता किसे कहते है ? **2**

What is political equality?

अथवा /Or

लोकतंत्र किस तरह उत्तरदायी, जिम्मेवार और वैध सरकार का गठन करता है ?

How does democracy create a responsive, accountable, and legitimate government?

**15.** संगठित एवं असंगठित क्षेत्रकों में कोई दो अंतर लिखिए । **2**

Write any two differences between the organized and unorganized sectors.

अथवा /Or

सार्वजनिक क्षेत्र तथा निजी क्षेत्र में कोई दो अंतर लिखिए ।

Write any two differences between the public sector and the private sector.

**16.** वैश्वीकरण को बढ़ावा देने वाले कोई दो कारकों के नाम लिखिए । **2**

Write the names of any two factors that promote globalization.

अथवा /Or

बहुराष्ट्रीय कंपनी किसे कहते हैं?

What is a multinational company ?

**17.** उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 (COPRA) का उद्देश्य लिखिए । **2**

Write the objective of the Consumer Protection Act 1986 (COPRA).

अथवा /Or

उपभोक्ता अपने अधिकारों के बारे में जागरूक होकर किस प्रकार निर्णय लेते हैं ?

How do consumers make informed decisions about their rights?

**18.** वनों के निम्नीकरण के कोई तीन कारणों को स्पष्ट कीजिए। **3**

Explain any three reasons for forest degradation.

अथवा /Or

वन्य प्राणी संरक्षण के कोई तीन उपाय लिखिए।

Write any three measures for wildlife conservation.

**19.** मुद्रण संस्कृति ने भारत में राष्ट्रवाद के विकास में क्या योगदान दिया ? **3**

How did print culture contribute to the development of nationalism in India?

अथवा /Or

वुडब्लॉक प्रिंट की छपाई यूरोप में सन् 1295 के बाद आयी, इसके क्या कारण थे?

Woodblock printing came to Europe after 1295. What were the reasons for this?

**20.** भारतीय रिजर्व बैंक के कोई तीन कार्यों का वर्णन कीजिए । **3**

Describe any three functions of the Reserve Bank of India.

अथवा /Or

कर्जदाता कर्ज देते समय ऋणाधार की माँग क्यों करते हैं? समझाइए ।

Why do lenders demand collateral when granting loans? Explain.

**21**. गांधीजी ने असहयोग आंदोलन क्यों आरंभ किया ? यह प्रथम जनआंदोलन के रूप में कैसे था ? **4**

Why did Gandhiji launch the Non-Cooperation Movement? How was it the first mass movement?

अथवा /Or

निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए –

(i) जलियांवाला बाग हत्याकांड

(ii) साइमन कमीशन

Write a note on the following:

(i) The Jallianwalla Bagh Incident

(ii) The Simon Commission

**22.** राजनीतिक दल के कोई चार प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए । **4**

Describe any four major functions of a political party.

अथवा /Or

राजनीतिक दलों की कोई चार प्रमुख चुनौतियों का वर्णन कीजिए ।

Describe any four major challenges faced by political parties.

**23.** भारत के दिये गये मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए - **(1x4=4)**

(i) रावतभाटा परमाणु ऊर्जा संयंत्र

(ii) एच. वी. जे. गैस पाइपलाइन

(iii) खेतड़ी तांबा उत्पादक क्षेत्र

(iv) मुंबई हाई

On the following in the given map of India:

(i) Rawatbhata Atomic Power Plant

(ii) HVJ Gas Pipeline

(iii) Khetri Copper Producing Area

(iv) Mumbai High

अथवा /Or

भारत के दिये गये मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए -

(i) सिंगरौली तापीय सयंत्र

(ii) हजारीबाग अभ्रक क्षेत्र

(iii) रानीगंज कोयला खदान

(iv) नरोरा परमाणु संयंत्र

On the given map of India, mark the following:

(i) Singrauli Thermal Power Station

(ii) Hazaribagh Mica Field

(iii) Raniganj Coal Mine

(iv) Narora Atomic Power Plant

**नोट-** निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 23 के स्थान पर है।
**Note-**The following question is only for visually impaired candidates in place of question number 23.

23- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए-

(i) रानीगंज खदान किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है?
(ii) सीमेंट उद्योग के आधारभूत खनिज का नाम लिखिए ।
(iii) रावतभाटा परमाणु ऊर्जा संयंत्र किस राज्य में स्थित है?
(iv) भारत का सबसे बड़ा बॉक्साइट उत्पादक राज्य का नाम लिखिए ।

Write the answers of the following questions in one word or one sentence :

(i) Raniganj mine is famous for which mineral?

(ii) Name the basic mineral of the cement industry.

(iii) In which state is the Rawatbhata Nuclear Power Plant located?

(iv) Name the largest bauxite producing state in India.

अथवा /Or

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए-

(i) राजस्थान की खेतड़ी खदाने किस खनिज के लिए प्रसिद्ध हैं ?
(ii) तारापुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र किस राज्य में स्थित है?
(iii) पारादीप पत्तन किस राज्य में स्थित है?
(iv) सतपुड़ा तापीय ऊर्जा संयंत्र किस राज्य में स्थित है?

Write the answers of the following questions in one word or one sentence :

(i) For which mineral are the Khetri mines of Rajasthan famous?

(ii) In which state is the Tarapur Nuclear Power Plant located?

(iii) In which state is the Paradwip Port located?

(iv) In which state is the Satpura Thermal Power Plant located?

## प्रश्न क्रमांक 23 हेतु भारत का मानचित्र

